**सोमवार, 16 सितम्बर 2024** **तत्काल प्रकाशनार्थ**

**नई दिल्ली**

# टाटा पावर-डीडीएल ने जौंती गांव में सौर ऊर्जा उपभोक्ताओं को किया सम्मानित

**नई दिल्ली**: टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टाटा पावर-डीडीएल) के ग्राम उपभोक्ता समूह (VCG) ने घर की छतों पर सौर ऊर्जा लगाने एवं अन्य ऊर्जा संरक्षण पहलों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले ग्रामीण उपभोक्ताओं को सम्मानित किया। **"टाटा स्वयंसेवा सप्ताह के 22वें संस्करण"** के दौरान **यह भव्य पुरस्कार समारोह गुरूवार, 12 सितम्बर को** जौंती गांव के सर्वोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया।

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मजिस्ट्रेट-उत्तर-पश्चिम सुश्री अंकिता आनंद और एसडीएम, उत्तर-पश्चिम श्री अनंत द्विवेदी** ने टाटा पावर-डीडीएल के उपभोक्ताओं को नवीकरणीय ऊर्जा प्रचार में उनके अमूल्य योगदान के लिए सराहा। **टाटा पावर-डीडीएल की मुख्य वाणिज्य अधिकारी सुश्री किरण गुप्ता; श्री राहुल कुमार, प्रमुख-एससीजी, वीसीजी, सीसीजी; सुश्री मनीषा वाधवा, एचओडी-एससीजी एवं वीसीजी; श्री भरत छाबड़ा, चीफ एसआईजी; श्री मनीष गोयल सर्किल प्रमुख उप-शहरी; जिला प्रबंधक-बवाना, श्री नवीन कुमार**, जोनल ऑपरेशन टीम के अधिकारियों साथ-साथ 200 से अधिक ग्राम उपभोक्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

पुरस्कार समारोह में कई सौर ऊर्जा उपभोक्ता सम्मानित किए गए, जिन्होंने सौर ऊर्जा के साथ अपने सकारात्मक अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम में सौर ऊर्जा पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें रुचि रखने वाले उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के लाभों और इंस्टालेशन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। टाटा पावर-डीडीएल ने ऊर्जा संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए डीएसएम उत्पाद काउंटर और छत पर सौर ऊर्जा संबंधी पूछताछ सह प्रमोशन स्टॉल भी स्थापित किए।

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड की ओर से किफायती दर पर ब्रांडेड कंपनियों के LED बल्ब्स, ट्यूब लाइट्स, बहुत कम बिजली का खपत करने वाले BLDC पंखे, एयर कंडीशंस उपकरणों में मार्किट रेट पर रुपए 3500 की छूट जैसी DSM प्रोडक्ट्स की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर, काफी उपभोक्ताओं ने सोलर सिस्टम लेने में अपनी रुचि दिखाई। वीसीजी की टीम विभिन्न गावों में ऐसे उपभोक्ताओं के लिए कार्यशालाओं का नियमित रूप से आयोजन करती है जिससे ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ सोलर से बिजली का उत्पादन में सहयोग मिल रहा है।

ज्ञात हो कि सन् 2021 में स्थापित, विलेज कस्टमर ग्रुप ने कई तरह के काम किए हैं। ये काम कामर्शियल और सीएसआर क्षेत्रों के साथ-साथ उपभोक्ता सहयोग के क्षेत्र में हैं। यह समूह गांव के आर्थिक प्रगति और सामाजिक उन्नति दोनों के लिए प्रतिबद्ध है। यह कार्यक्रम टाटा पावर-डीडीएल की स्थायी ऊर्जा समाधान को बढ़ावा देने और समुदायों को हरित प्रथाओं को अपनाने के लिए सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

**टाटा पावर-डीडीएल के बारे में**

टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर का ज्वाइंट वेंचर है। कंपनी नॉर्थ दिल्ली में करीब 7 मिलियन की आबादी के लिए पावर सप्लाई करती है। टाटा पावर-डीडीएल बिजली वितरण के क्षेत्र में सुधारों के स्तर पर अग्रणी है और इसे उपभोक्ता केंद्रित व्यवहारों के लिए जाना जाता है। निजीकरण के बाद से टाटा पावर-डीडीएल के वितरण इलाकों में एटीएंडसी नुकसान में रिकॉर्ड कमी आयी है। और सभी वर्टिकल्स में एडवांस्ड टैक्नोलॉजी अपनाकर बिजली वितरण के परिदृश्य में व्यापक बदलाव लया है। वर्तमान में एटीएंडसी नुकसान 6.34% है, जिसमें जुलाई 2002 में 53% के शुरुआती नुकसान में अप्रत्याशित कमी आई है। और जानकारी के लिए देखें: www.tatapower-ddl.com


For further information please contact:

**Corporate Communications:**

Sonia Sarin (9910292599)

**Slough PR:**

Abhishek Anand (9711061540)